सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/

English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hor-mone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 3 | अंक 17 | अजमेर, बुधवार 25 फरवरी 2026 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4



## युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब भी भारतमंडपम प्रदर्शन मामले में अरेस्ट

नई दिल्ली। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को एआई शिखर सम्मेलन के दौरान यहां भारतमंडपम में प्रदर्शन करने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।युवा कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार चिब को सोमवार को पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया और उसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने श्री चिब को रातभर तिलक मार्ग थाने में हिरासत में रखा और मंगलवार सुबह उन्हें गिरफ्तार कर लिया।दिल्ली पुलिस ने चिब के अलावा युवा कांग्रेस के प्रदर्शनकारी सात अन्य युवाओं को पहले ही हिरासत में लेकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। इन कार्यकताओं पर आरोप है कि उन्होंने विश्व सम्मेलन के दौरान देश की छवि को खराब किया और पुलिस को चकमा देकर भारतमंडपम में अर्धनग्न प्रदर्शन किया।पुलिस ने गत शुक्रवार को भारतमंडपम में विरोध प्रदर्शन करने पर युवा कांग्रेस के चार कार्यकताओं गिरफ्तार किया था और तीन अन्य को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अब तक चिब सहित आठ युवाओं को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### युवा कांग्रेस कार्यकताओं की गिरफ्तारी तानाशाही

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एआई शिखर सम्मेलन के दौरान यहां भारतमंडपम में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में युवा कांग्रेस कार्यकताओं की गिरफ्तारी को तानाशाही करार देते हुए मंगलवार को कहा कि पार्टी युवा निडर साथियों के साथ मजबूती से खड़ी है।गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक



धरोहर है। यह हमारे खून में है और हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है। मुझे युवा कांग्रेस के अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है, जिन्होंने समझौतावादी प्रधानमंत्री के खिलाफ निडर होकर देश के हित में आवाज उठाई है।अमरीका के साथ हुए व्यापार संझौते में देश के हितों से समझौता किया गया है। यह समझौता हमारे किसानों और कपड़ा उद्योग को नुकसान पहुंचाएगा तथा हमारे डेटा को अमरीका के हाथों में सौंप देगा। इस सच्चाई को देश के सामने रखने के लिए युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब और युवा संगठन के अन्य साथियों की गिरफ्तारी तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मैं अपने बब्बर शेर साथियों के साथ मजबूती से खड़े हैं। सत्ता को सच का आईना दिखाना अपराध नहीं, देशभक्ति है। डरो मत-सच और संविधान हमारे साथ हैं। उन्होंने दोहराया कि शांतिपूर्ण विरोध भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है और इसे दबाने की हर कोशिश का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाएगा। गिरफ्तार युवाओं ने कोई गलत काम नहीं किया है और संविधान उन्हें न्याय देगा।

## केरल का नाम ''केरलम्'' करने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल की मंजूरी




नई दिल्ली। मंत्रिमंडल ने केरल राज्य का नाम बदलकर केरलम्  करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में ह्यसेवातीर्थह्ण में मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई पहली बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि भाषाई आधार पर राज्यों के गठन के बाद से ही केरल के नाम को बदलने की मांग की जा रही थी।उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद राष्ट्रपति ह्यकेरल नाम परिवर्तन विधेयक, 2026 के मसौदे को केरल विधानसभा की स्वीकृति के लिए भेजेंगी। संविधान के अनुच्छेद तीन के तहत राष्ट्रपति इस विधेयक पर केरल विधानसभा का मत प्राप्त करेंगी।वैष्णव ने बताया कि राज्य विधानसभा की स्वीकृति के बाद केन्द्र सरकार इस पर आगे कार्रवाई करेगी और इस विधेयक को संसद में पारित कराने के लिए पेश किया जाएगा।केरल विधानसभा ने 24 जून 2024 को केरल का नाम केरलम् करने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसमें कहा गया था कि मलयालम भाषा में राज्य का नाम केरलम् है। एक नवंबर 1956 को राज्यों का गठन भाषायी आधार पर किया गया था। पहली नवंबर को केरल परिवार दिवस मनाया जाता है।इस प्रस्ताव में कहा गया कि राष्ट्र के स्वाधीनता संग्राम के समय से ही मलयालम भाषी लोगों के लिए एक एकीकृत राज्य के गठन की मांग थी, लेकिन संविधान की पहली अनुसूची में हमारे राज्य का नाम केरल अंकित किया गया।केरल विधानसभा के उक्त प्रस्ताव में कहा गया है कि यह सभा केन्द्र सरकार से सर्वसम्मति से आग्रह करती है कि वह संविधान के अनुच्छेद तीन के तहत केरल के नाम को केरलम् करने के लिए तत्काल कदम उठाये।इसके बाद केरल सरकार ने केन्द्र सरकार से इस संबंध में कार्रवाई का अनुरोध किया था। इस पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय में विचार किया गया और प्रस्ताव को गृहमंत्री अमित शाह के अनुमोदन के बाद इस पर कैबिनेट के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया।

## मोदीजी आ रहे हैं.. लाखों लीटर पेट्रोल-डीजल रिजर्व रखो


### पेट्रोल पम्प संचालकों को मिले आदेश

सन्तोष खाचरियावास

जयपुर। लो, आखिरकार पेट्रोल पंप संचालकों को सरकारी फरमान तामील हो गया। उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आमसभा के मद्देनजर हजारों कार्यकताओं की गाड़ियों के लिए लाखों पेट्रोल-डीजल रिजर्व रखने की हिदायत दी गई है। मोदी एक बार फिर राजस्थान आ रहे हैं। 28 फरवरी को वे अजमेर की कायड़ विश्राम स्थली में आमसभा को सम्बोधित करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी ने 17 दिसम्बर 2024 को दादिया जयपुर में रैली की थी। उन्होंने यहां भजनलाल शर्मा सरकार की उपलब्धियों का गुणगान किया। अजमेर की जिला रसद अधिकारी प्रथम मोनिका जाखड़ ने इस सम्बंध में सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आदेश जारी किए हैं। ऐसे ही आदेश सभी जिलों में सम्बंधित डीएसओ ने जारी किए हैं। लोकसभा-विधानसभा चुनावों की तर्ज पर प्रधानमंत्री रैली के लिए इस बार भी जिला प्रशासन वाहनों में पेट्रोल डीजल



मुफ्त भरने के लिए कूपन जारी करेगा। ये कूपन कार्यकताओं में वितरित किए जाएंगे। उनके शहर की अजमेर से दूरी और वाहन बस है या कोई अन्य, इस आधार पर पेट्रोल डीजल के कूपन दिल खोलकर दिए जाएंगे। करीब 400 बसों और हजारों अन्य वाहनों के हिसाब से हजारों लीटर तेल के कूपन बंटेंगे। ये कूपन देकर बदले में कार्यकर्ता राज्य में कहीं भी किसी भी पेट्रोल पंप से फ्री में तेल भरवा सकेंगे।



कार्यालय जिला रसद अधिकारी, अजमेर

क्रमांक रसद/पीएम विजिट/2026/ दिनांक

निमित्त :-

संचालक, समस्त पेट्रोल पम्प,
अजमेर

विषयः- माननीय प्रधानमंत्री महोदय की अजमेर यात्रा दिनांक 28.02.2026 के क्रम में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने एवं कूपनधारी वाहनों को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में।

प्रसंग :- श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, अजमेर के पत्र क्रमांक 1035-85 दिनांक 20.02.2026 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माननीय प्रधानमंत्री महोदय की अजमेर यात्रा दिनांक 28.02.2026 के मध्यनजर यह निर्देशित किया जाता है कि आप अपने पेट्रोल पंप पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल का भंडारण सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करें कि समस्त कूपनधारी वाहनों को किसी भी दशा में ईंधन उपलब्ध कराया जाए। किसी भी परिस्थिति में किसी कूपनधारी वाहन को ईंधन देने से मना नहीं किया जाए। उक्त यात्रा के क्रम में स्टॉक की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार अग्रिम आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

लेख है कि निर्देशों की अवहेलना/किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित पेट्रोल पंप संचालक के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संचालक की होगी।

(मोनिका जाखड़ आर.ए.एस)
जिला रसद अधिकारी(प्रथम)
अजमेर

क्रमांकः- रसद/सम/2026/ दिनांकः

प्रतिलिपिः- निम्न को सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है-
01. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, अजमेर।
02. श्रीमान अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर), अजमेर।
03. सेल्स ऑफिसर, आई.ओ.सी.एल./एच.पी.सी.एल./बी.पी.सी.एल, अजमेर
04. रक्षित पत्रावली।

Signature Not Verified
Digitally signed by Monika Ja
Designation : District Supply
Date: 2026.02.23 14:38:18 IS
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20698205
eSign 1.0

### भुगतान कब तक होगा, इसकी कोई गारंटी नहीं

पेट्रोल पंप संचालकों को पाबंद किया जाता है कि वे कूपन में लिखी मात्रा के अनुसार तेल उनके वाहन में मुफ्त भरेंगे। इसके बाद जिला परिवहन कार्यालय में अपना बिल पेश करके भुगतान प्राप्त कर सकेंगे। लेकिन हकीकत में यह भुगतान लेने के लिए पेट्रोल पंप संचालकों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है। आमतौर पर चुनाव के दौरान लगे वाहनों के पेट्रोल डीजल के बिल क्लीयर कराने में ही उन्हें चक्कर लगाने पड़ जाते हैं। कई बिल अब भी लंबित पड़े हैं। ऐसे में पेट्रोल पंप संचालकों के लाखों रुपए जिला प्रशासन में अटके हुए हैं। अपना पैसा पाने के लिए उन्हें अफसरों की मिन्नतें करनी पड़ रही है। इस बार भी उन्होंने रैली के वाहनों में मुफ्त पेट्रोल डीजल भरा तो उसका भुगतान कब तक होगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। वे मन ही मन प्रार्थना कर रहे हैं कि उनके पम्प पर कोई बस कूपन लेकर डीजल भरवाने नहीं आएं। क्योंकि कोई आया तो वे उसे मना भी कर सकते हैं, जिला प्रशासन के आदेश जो हैं।

### जगह जगह भोजन-नाश्ता, रात्रि विश्राम के इंतजाम भी

दूरदराज के जिलों से अजमेर की तरफ कूच करने वाले मोदी के 'बाराती' रास्ते में जिस भी जिले से गुजरेंगे, वहां का जिला प्रशासन उनकी आवभगत में हाजिर रहेगा। उन्हें 'कुंवर कलेवा' कराने की जिम्मेदारी राज्य सरकार ने इस बार भी स्थानीय जिलों के प्रशासन को सौंपी है। मार्ग में पड़ने वाले जिला मुख्यालयों पर उनके ठहराव और भोजन नाश्ते की व्यवस्था स्थानीय जिला प्रशासन के माथे मढ दी है। हर ठहराव स्थल पर हजारों कार्यकताओं के लिए भोजन-नाश्ता और रात्रिविश्राम का भी निःशुल्क बंदोबस्त किया जाएगा।

### पेट्रोल पंप संचालकों की चिंता

पूरे राजस्थान के पेट्रोल पंप संचालकों की चिंता यह है कि एक बार उनका पैसा उधारी में फंसेगा। पीएम मोदी की पिछली यात्रा का उधार अभी चुका भी नहीं कि फिर उधार का पेट्रोल डीजल फूंकने की तैयारी है। यहां तक कि पिछले साल जयपुर में हुई केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैली के लिए उधार दिए गए पेट्रोल डीजल के सभी बिलों का भी अब तक भुगतान नहीं हुआ है। गत वर्ष नागौर के मेडता में हुई मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की रैली का भुगतान भी अब तक बाट जोह रहा है।

### 400 बसें-हजारों कार-जीपें आने का अनुमान

इस बार अजमेर में हो रही पीएम मोदी की आमसभा में पूरे प्रदेश से भाजपा कार्यकताओं को लाने के लिए 400 बसें आरटीओ के जरिए 'बुक' की जाएंगी। इनके अलावा हजारों कारों-जीपों के जरिए कार्यकर्ता और लाभार्थी यशस्वी प्रधानमंत्री को सुनने अजमेर आएंगे। कुल दो लाख लोगों को बुलाने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पेट्रोल डीजल का अतिरिक्त स्टॉक रिजर्व रखने के निर्देश दे दिए गए हैं।

### ऐसे आते हैं आदेश

राजस्थान के सभी जिलों में संबंधित जिला रसद अधिकारी तीनों सरकारी तेल कंपनियों के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आदेश जारी करते हैं कि वे प्रधानमंत्री की रैली के मद्देनजर अपने यहां डेड स्टॉक के अतिरिक्त साढ़े तीन हजार लीटर तेल अलग से रिजर्व रखेंगे। इसमें 1000 लीटर पेट्रोल और ढाई हजार लीटर डीजल रिजर्व करना जरूरी होगा। इसके अलावा 200 लीटर ऑयल रिजर्व रखने के आदेश दिए जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि लुब्रिकेंट यानी ऑयल के लिए गिने चुने कूपन ही जारी किए जाते हैं जबकि पेट्रोल डीजल के कूपनों की हर बार जमकर बन्दरबांट होती है।

## सम्पादकीय

# बंगाल का भविष्य: धर्म की लहर या प्रगति की राह?

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा भले अभी बाकी हो, पर राजनीतिक रणभेरी बज चुकी है। इस बार संकेत साफ हैं-चुनाव विकास बनाम विकास के दावे पर नहीं, बल्कि पहचान, अस्मिता और धर्म की ध्वजा के इर्द-गिर्द घूम सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य भर में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलनों को भारतीय जनता पार्टी एक वैचारिक उत्सव भर नहीं, बल्कि चुनावी अवसर में बदलने की रणनीति पर आगे बढ़ती दिख रही है। दूसरी ओर ममता बनर्जी ने भी यह समझ लिया है कि यदि चुनाव की जमीन धार्मिक विमर्श पर खिसकती है तो उसे खाली नहीं छोड़ा जा सकता। कोलकाता के न्यू टाउन में ह्यदुर्गा आंगनह्न का शिलान्यास और उसे बंगाली अस्मिता से जोड़ने का प्रयास इसी रणनीतिक सजगता का हिस्सा है।बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग-संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही। लगभग तीन दशक तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व था। किंतु 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ एक नई धुरी बनी-तृणमूल बनाम भाजपा। आज स्थिति यह है कि वाम और कांग्रेस हाशिए पर हैं और मुकाबला दो ध्रूवों के बीच सिमट चुका है। यही द्विध्रूवीयता चुनाव को अधिक तीखा और अधिक पहचान-केन्द्रित बना रही है। भाजपा का अभियान चार प्रमुख सूत्रों पर टिका है-बंगाल में हिंदू खतरे में है, बांग्लादेशी घुसपैठ, महिलाओं की असुरक्षा और भ्रष्टाचार। सीमावर्ती जिलों का उदाहरण देकर यह संदेश गढ़ा जा रहा है कि जनसंख्यिकीय संतुलन बदल रहा है। अवैध घुसपैठ का प्रश्न नया नहीं है, पर उसे इस समय राजनीतिक ऊर्जा के साथ जोड़ा जा रहा है। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना, शिक्षक भर्ती घोटाले, हिन्दुओं पर बढ़ते अत्याचार एवं भ्रष्टाचार जैसे प्रसंगों को शासन की विफलता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा का लक्ष्य स्पष्ट है- 70 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं में एक साझा असुरक्षा-बोध निर्मित करना, हिन्दुओं को जागृत करना और उसे मतदान व्यवहार में रूपांतरित करना। आज बंगाल में विकास की सबसे बड़ी बाधा घुसपैठियों का बढ़ना है। घुसपैठियों पर विराम लगाना चाहिए न कि इस मुद्दे पर राजनीति हो।ममता बनर्जी की चुनौती दोहरी है। एक ओर उन्हें यह संदेश देना है कि वे अल्पसंख्यकों की संरक्षक हैं, दूसरी ओर हिंदू मतदाताओं को यह विश्वास भी दिलाना है कि उनकी आस्था और अस्मिता सुरक्षित है। 2021 के चुनाव में जब भाजपा ने ह्यजय श्रीरामह्न के नारे को आक्रामक रूप से उछाला, तब ममता ने ह्यजय मां दुर्गाह्न और ह्यचंडी पाठह्न के माध्यम से एक सांस्कृतिक प्रत्युत्तर दिया था। इस बार वे दुर्गा आंगन जैसे प्रतीकों के जरिए यह संकेत दे रही हैं कि बंगाली हिंदू पहचान भाजपा की बपौती नहीं है। वे धर्म को राष्ट्रवाद की बजाय क्षेत्रीय अस्मिता के साथ जोड़ती हैं-ह्नबंगाल अपनी संस्कृति से हिंदू है, पर उसकी राजनीति बहुलतावादी हैह्न-यह उनका अंतर्निहित संदेश है। इसी बीच मुर्शिदाबाद में पूर्व तृणमूल नेता हुमायूं कबीर द्वारा ह्यबाबरी मस्जिदह्न के शिलान्यास की पहल ने नई जटिलता जोड़ दी है। इससे मुस्लिम मतदाताओं के भीतर एक अलग ध्रूवीकरण की संभावना पैदा हुई है। यदि मुस्लिम वोटों का बंटवारा होता है, तो तृणमूल का गणित प्रभावित हो सकती है। 2021 में उसे लगभग 48 प्रतिशत वोट और 223 सीटें मिली थीं-जिसमें मुस्लिम मतों का एकमुश्त समर्थन निर्णायक था। भाजपा 38 प्रतिशत वोट के साथ 65 सीटें जीतकर मुख्य विपक्ष बनी। ऐसे में यदि मुस्लिम मत 5-10 प्रतिशत भी इधर-उधर खिसकते हैं, तो कई सीटों का परिणाम बदल सकता है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आ सकती है।यहां प्रश्न केवल गणित का नहीं, राजनीति के चरित्र का भी है। क्या बंगाल का चुनाव धार्मिक पहचान के उभार का प्रयोगशाला बनेगा? या यह प्रयोग अंततः विकास, रोजगार और बुनियादी ढांचे के प्रश्नों पर लौटेगा? विडंबना यह है कि जिस बंगाल को कभी देश की आर्थिक राजधानी कहा जाता था-जहां से उद्योग, शिक्षा और सांस्कृतिक नवजागरण की रोशनी फैलती थी, वह आज अधूरे प्रोजेक्ट्स, धीमी औद्योगिक गति और रोजगार के पलायन से जूझ रहा है। कोलकाता की सड़कों पर अधूरी मेट्रो लाइनें और बंद कारखानों की चुप्पी विकास की उस कहानी को बयान करती हैं, जो राजनीतिक नारों के शोर में दब जाती है।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने दाखिल की अग्रिम जमानत याचिका



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के मामले में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने अधिवक्ता राजर्षि गुप्ता, सुधांशु कुमार और प्रकाश के माध्यम से उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है। याचिका पर शीघ्र सुनवाई होने की संभावना है।गौरतलब है कि तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(4) के तहत जिला अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। इस पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (रेप एवं पॉक्सो स्पेशल कोर्ट) विनोद कुमार चौरसिया ने झूंसी थाने की पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया था।अदालत के आदेश के अनुपालन में झूंसी थाना पुलिस ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद गिरी तथा दो-तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एफआईआर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(3) तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की धारा 5छ, 6, 3, 4(2), 16 और 17 के तहत दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। इस बीच स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गिरफ्तारी से संरक्षण के लिए हाईकोर्ट की शरण ली है।

# वायुसेना के रिटायर्ड अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट कर ढाई करोड़ की ठगी



ग्वालियर। मध्यप्रदेश के ग्वालियर में एक बार फिर साइबर ठगी का बहुत बड़ा मामला सामने आया है। वायुसेना के एक सेवानिवृत अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगों ने 2 करोड़ 52 लाख रुपए की ठगी कर ली। साइबर ठग सेवानिवृत अधिकारी व उनकी पत्नी को 28 जनवरी से डिजिटल अरेस्ट किये हुये थे। पुलिस ने आज इस मामले में शिकायत मिलते ही एफआईआर दर्ज कर ठगों की तलाश शुरू कर दी है।सूत्रों के अनुसार सेवानिवृत अधिकारी 90 वर्षीय नारायण महादेव व उनकी पत्नी से साइबर ठगों ने जिंदगी भर की कमाई डिजीटल अरेस्ट में फंसे होने की धमकी देकर हड़प ली। लगातार धमकियों से हारे नारायण महादेव बैंक अधिकारी को संदेह होने पर व उसकी सलाह पर क्राइम ब्रांच थाने पहुंचे और अपनी आपबीती सुनाई तो पुलिस अधिकारी अवाक रह गए।ग्वालियर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि साइबर ठगों ने महादेव को सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों का अधिकारी बनकर काल किया और विभिन्न मामलों में उनके शामिल होने के नाम पर डराया धमकाया कि उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। महादेव यहां अकेले रहते हैं। उनके बच्चे बाहर हैं, इसीलिए वे बेहद डर गए और अपने सेविंग अकाउंट की राशि साइबर ठगों के खाते में ट्रांसफर कर दी।इसके बाद बैंक में जमा अपनी एफडीआर भी तुड़वाकर ठगों के खाते में रूपया भेज दिया। बाद में उनके बैंक मैनेजर ने जब उनसे पूछा और साइबर ठगी की शंका जाहिर की तो उन्होंने पुलिस के पास पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई।उनकी शिकायत पर क्राइम ब्रांच पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

एसएसपी सिंह ने बताया कि साइबर ठगों की तलाश की जा रही है और रुपए ट्रांसफर होने वाले खातों को होल्ड करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जल्दी ही अपराधी दबोच लिए जाएंगे। ग्वालियर में इसके पूर्व गत वर्ष भी रामकृष्ण आश्रम मिशन के सचिव सुप्रदीप्तानंद से भी ढाई करोड़ की साइबर ठगी हो चुकी है, उन्हें भी इसी तरह डिजिटल अरेस्ट किया गया था।

# वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट पर भ्रामक विज्ञापन के लिए 15 लाख का जुमार्ना

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने भ्रामक विज्ञापन के लिए कोचिंग संस्थान पर 15 लाख रुपए का जुमार्ना लगाते हुए कहा है कि यह उपभोक्ता अधिकारों में महत्वपूर्ण जानकारी छिपाना एक गंभीर अपराध है।प्राधिकरण ने यह बात सिविल सेवा परीक्षा 2023 के संबंध में भ्रामक विज्ञापन जारी करने के लिए वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट पर 15 लाख रुपए का जुमार्ना लगाने के अपने अंतिम आदेश में कही है।प्राधिकरण ने पाया कि संस्थान ने जानबूझकर अपने विज्ञापनों में महत्वपूर्ण जानकारी विशेष रूप से सफल उम्मीदवारों द्वारा चुने गए विशिष्ट पाठ्यक्रम को छिपाया था। प्राधिकरण ने इसे गंभीर अपराध बताया और कहा कि बार बार इस तरह के अपराध करने पर अधिक दंड का प्रावधान किया गया है।संस्थान ने 16 अप्रैल, 2024 को परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद, यूपीएससी 2023 के सफल उम्मीदवारों के नाम और तस्वीरों के साथ दावे अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किए और बताया था कि वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट से यूपीएससी सीएसई 2023 की 1016 रिक्तियों में से 645 से अधिक उम्मीदवारों का चयन हुआ है। इसमें ऑल इंडिया रैंक के टॉप 10 में अपना छठा स्थान बताया और शीर्ष 50 ऑल इंडिया रैंक में 35वां तथा ऑल इंडिया रैंक की टॉप 100 रैंकिंग में 64वां स्थान बताया।

प्राधिकरण ने कहा है कि संस्थान ने उपरोक्त दावों को प्रकाशित करते हुए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर विभिन्न पाठ्यक्रमों के विज्ञापन भी दिए जिनमें जीएस/पूर्ण पाठ्यक्रम/फाउंडेशन पाठ्यक्रम, प्री-फाउंडेशन पाठ्यक्रम, सप्ताहांत पाठ्यक्रम, वैकल्पिक विषय पाठ्यक्रम और जीएस प्री-कम-मेन्स पाठ्यक्रम का जिक्र था।

फैसले में कहा गया है कि इन प्रस्तुतियों ने उपभोक्ताओं के बीच एक भ्रामक धारणा पैदा की कि सभी सफल उम्मीदवारों ने संस्थान द्वारा विज्ञापित इन नियमित पाठ्यक्रमों में दाखिला ले लिया था। प्राधिकरण ने कहा कि महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाना उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है।

# कोलायत में बालिका की रेप के बाद हत्या करने का आरोपी अरेस्ट

बीकानेर। राजस्थान में कोलायत के रणजीतपुरा गांव में बालिका से दुष्कर्म करके उसकी हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि लगातार प्रयास के बाद आरोपी श्याम सुंदर मेघवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी इसी क्षेत्र का है।उल्लेखनीय है कि 21 फरवरी को घर से परीक्षा देने निकली बालिका का शव रणजीतपुरा गांव में झाड़ियों में मिला था। इसके बाद से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण आक्रोश व्यक्त करते हुए पोस्टमार्टम करवाने से इन्कार कर दिया और धरने पर बैठ गए। मौके पर पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी, देवी सिंह भाटी और अन्य नेता भी पहुंच गए।ग्रामीणों और आरोपी को शीघ्र पकड़ने और पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, इसका मुकदमा फास्ट ट्रैक न्यायालय में चलाकर जल्द सजा की मांग की।उधर, पुलिस पर चारों ओर से पड़ रहे दबाव के तहत पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर ने आरोपी की गिरफ्तार के लिए चार पुलिस दलों का गठन किया, जिन्होंने विभिन्न माध्यमों और मुखबिरों की मदद से आखिरकार आरोपी का सुराग लगा लिया और कल देर रात उसे दबोच लिया गया। आरोपी श्याम सुंदर पुलिस को चकमा देने के लिए खुद सोशल मीडिया पर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहा था।उधर, आरोपी की गिरफ्तारी के बावजूद परिजनों ने मांगें पूरी होने तक पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। तीन दिन के गतिरोध के बाद राज्य सरकार की ओर से सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद पीड़ित परिवार और ग्रामीण पोस्टमार्टम के लिए सहमत हो गए।

# बाड़मेर में एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का पदार्फाश, 8.50 करोड़ का सामग्री जब्त



बाड़मेर। राजस्थान में बाड़मेर जिले में नशे के सौदागरों के खिलाफ जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुर्गी फार्म की आड़ में चल रही एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का पदार्फाश कर करीब साढ़े आठ करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स, कच्चा माल और उपकरण बरामद किए हैं।बाड़मेर पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि जिले में सेड़वा थाना पुलिस ने सिंहार क्षेत्र में चल रही इस अवैध एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का पदार्फाश कर मौके से न केवल तैयार ड्रग्स, बल्कि उसे बनाने का पूरा सेटअप और भारी मात्रा में रासायनिक पदार्थ बरामद किए हैं। जिनमे 4 किलो 073 ग्राम तैयार एमडी ड्रग्स, 34.746 लीटर हाइड्रोक्लोरिक एसिड, अमोनिया, एसीटोन आदि, 48 किलो 021 ग्राम सफेद और काला पाउडर, 540 ग्राम अवैध डोडा पोस्त, उपकरण कांच की बड़ी ट्रे, इलेक्ट्रिक कांटा और ड्रग्स बनाने की मशीनरी शामिल है।मीना ने बताया कि आरोपी आदम खान ने अपने खेत में मुर्गी पालन व्यवसाय शुरू किया था ताकि किसी को शक न हो लेकिन इस व्यवसाय की आड़ में बने एक छपरे के भीतर सफेद जहर यानी एमडी ड्रग्स तैयार की जा रही थी। एक सूचना पर सेड़वा थानाधिकारी प्रभुराम और चौहटन वृताधिकारी जेठाराम की टीम ने दबिश दी।उन्होंने बताया कि जिले में पिछले सात महीनों में यह पांचवीं ड्रग्स फैक्ट्री है जिसे पुलिस ने पकड़ा है। अकेले सेड़वा थाना क्षेत्र में यह तीसरी बड़ी कामयाबी है। पुलिस ने मौके से मुख्य आरोपी आदम खान निवासी सिंहार को गिरफ्तार कर लिया है वहीं दबिश के दौरान भागने में सफल रहे तीन अन्य आरोपियों करीम खान निवासी सिंहार और नवलाराम जाट एवं जीयाराम जाट निवासी दीपला को नामजद किया गया है।इनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन कर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस अब इस पूरे सप्लाई नेटवर्क और स्थानीय कनेक्शन को खंगाल रही है।

## गंगापुर सिटी में खंड मुख्य चिकित्साधिकारी रिश्वत लेते अरेस्ट



सवाई माधोपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सवाई माधोपुर के गंगापुर सिटी में सोमवार को खंड मुख्य चिकित्साधिकारी (बीसीएमओ) को सोमवार को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञान सिंह चौधरी ने बताया कि परिवादी ने ब्यूरो में शिकायत की कि उसके प्रतिनियुक्ति के स्थान की बजाय उसे मूल पदस्थापन स्थान पर लगाने की एवज में बीसीएमओ बत्ती लाल 30 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है।उन्होंने बताया कि शिकायत के सत्यापन के दौरान बत्तीलाल ने पांच हजार रुपए पहले ले लिए जाने और बाकी 25 हजार रुपए सोमवार को लेना तय हुआ। इस पर ब्यूरो के दल ने जाल बिछाकर बत्तीलाल को परिवादी से 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। चौधरी ने बताया कि बत्तीलाल के घर और कार्यालय में भी तलाशी ली गई।

## अलवर में 15 हजार रुपए रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथों अरेस्ट




अलवर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अलवर इकाई ने मंगलवार को एक पटवारी को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कियाब्यूरो के सूत्रों ने बताया कि परिवादी ने ब्यूरो की अलवर इकाई में शिकायत की कि उसने खुद के और अपनी भाभी के नाम से कोटपुतली जिले की बानसूर तहसील के खोहरी गांव में साढ़े पांच बीघा जमीन खरीदी थी। इसकी रजिस्ट्री भी 22 जनवरी को तहसीलदार बानसूर के कार्यालय में करवाई थी।इस खरीदी गई भूमि के इन्तकाल खोलने के लिए एवं रहन का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन हटाने के लिए हल्का पटवारी अतुल यादव उससे 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है।सूत्रों ने बताया कि इस पर सत्यापन के बाद ब्यूरो के दल ने जाल बिछाकर पटवारी अतुल यादव को परिवादी से 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

## हनुमानगढ़ में 10 वर्षीय बालिका से रेप

हनुमानगढ़। राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के नोहर थाना क्षेत्र में 10 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि शुक्रवार को शादी समारोह में पहुंची बालिका को आरोपी मांगीलाल जाट (32) बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और एक सुनसान मकान में दुष्कर्म किया घटना के बाद बालिका ने घर पर सारी घटना बता दी। परिवार ने तुरंत आरोपी मांगीलाल की पहचान की और रविवार को मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़ित बालिका का तत्काल मेडिकल परीक्षण करवाया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी मांगीलाल जाट फिलहाल फरार है।

## वयोवृद्ध माकपा नेता एवं पूर्व विधायक हेतराम बेनीवाल का निधन



श्रीगंगानगर। राजस्थान के वरिष्ठ किसान-मजदूर नेता, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पूर्व विधायक हेतराम बेनीवाल का सोमवार रात निधन हो गया। वे करीब 94 वर्ष के थे और लंबे समय से अस्वस्थ थे। उन्होंने श्रीगंगानगर के एक निजी अस्पताल में रात करीब सवा ग्यारह बजे अंतिम सांस ली। विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक तथा किसान-मजदूर संगठनों ने उन्हें जन संघर्षों का सच्चा योद्धा और संघर्ष का पर्याय बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।बेनीवाल का जन्म पंजाब के सुखचैन में हुआ था। उन्होंने बीकानेर के डूंगर कॉलेज से स्नातकोत्तर (एमए) की शिक्षा प्राप्त की। वह 1990 में संगरिया विधानसभा क्षेत्र से माकपा की टिकट पर राजस्थान विधानसभा के सदस्य चुने गए। वह राजस्थान सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस(सीटू) के महामंत्री और माकपा के गंगानगर जिला प्रांतीय सचिवालय सदस्य रहे। उन्होंने घड़साना किसान आंदोलन सहित अनेक जन-आंदोलनों का नेतृत्व किया। वह संघर्षों के दौरान लगभग छह वर्ष जेल में भी रहे।

## हनुमानगढ़ में कृषि विश्वविद्यालय द्वारा भेजा गया उत्तर पुस्तिकाओं का बंडल चोरी

हनुमानगढ़। राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के गोलूवाला शहर के बस अड्डे से कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर की चार हजार खाली उत्तर पुस्तिकाएं चोरी होने का मामला सामने आया है।पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि गोलूवाला के नजदीक चक 28-जेआरके में स्थित सरदार भगतसिंह कृषि महाविद्यालय के एक व्याख्याता विकास (35) ने उत्तर पुस्तिकायें चोरी होने का मामला दर्ज कराया है। इसकी जांच सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार द्वारा की जा रही है।उत्तर पुस्तिकाएं चोरी कर ले जाने वाले अज्ञात व्यक्ति का पता लगाने के लिए पुलिस बस अड्डा और इसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है।विकास ने पुलिस को बताया कि बीकानेर में कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उनके भगतसिंह कृषि महाविद्यालय में वार्षिक परीक्षाओं के लिए खाली उत्तर पुस्तिकाओं का बंडल 20 फरवरी को बस द्वारा भेजा गया था।बंडल में चार हजार उत्तर पुस्तिकाएं थीं। उसी दिन शाम को बस के गोलूवाला अड्डे पर पहुंचने पर उन्होंने बंडल उतार लिया। बंडल वहीं पास में रखा था कि कुछ ही देर में चोरी हो गया। पुलिस ने बताया कि अब तक चोर का पता नहीं चला है।

# मेरठ के मकान में भीषण आग से एक ही परिवार के 5 बच्चों समेत 6 की मौत



मेरठ। उत्तर प्रदेश में मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के किदवई नगर इस्लामाबाद में सोमवार रात एक तीन मंजिला मकान में लगी भीषण आग ने एक ही परिवार के छह लोगों की जिंदगी निगल ली। मरने वालों में पांच मासूम बच्चे और एक महिला शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।पुलिस के अनुसार कपड़ा कारोबारी इकबाल अहमद के मकान में लगी एक चिंगारी ने पूरे परिवार का चिराग बुझा दिया और किदवई नगर की वह रात हमेशा के लिए सन्नाटे में बदल गई। हादसे के समय इकबाल और उनके दोनों बेटे, आसिम व फारूक, तरावीह की नमाज के लिए मस्जिद गए हुए थे। घर के भीतर मौजूद महिलाएं और बच्चे अचानक भड़की आग और घने धुएं में घिर गए।

देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप ले लिया। चीख-पुकार से गूंज उठी गली नंबर-3 की तंग बस्ती। पड़ोसी दौड़े, पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई लेकिन संकरी गलियों ने दमकल की गाड़ियों की रफ्तार रोक दी। ऐसे में स्थानीय लोगों ने छतों के रास्ते घर में घुसकर राहत कार्य शुरू किया और निजी संसाधनों से आग बुझाने की कोशिश की।पुलिस के अनुसार मृतकों में आसिम की पत्नी रुखसार (30), उनका तीन वर्षीय बेटा अकदस, छह माह की जुड़वां बेटियां नबिया और इनायत, तथा फारूक के बच्चे, मेहविश (12) और हम्माद (4) शामिल हैं। सभी को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण झुलसना और दम घुटना बताया गया है।हादसे में इकबाल की पत्नी अमीर बानो और शहजाद नामक युवक गंभीर रूप से झुलस गए हैं। दोनों का इलाज जारी है और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। बताया गया है कि मकान के प्रथम तल पर आई संस एम्ब्रॉयडरी का कारखाना चलता था जबकि ऊपरी मंजिल पर परिवार निवास करता था। रात करीब दस बजे अचानक आग भड़की और कुछ ही मिनटों में पूरी इमारत धुएं से भर गई।घटना की सूचना मिलते ही मेरठ के जिला मजिस्ट्रेट डॉ. वीके सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय, पुलिस उप महानिरीक्षक कलानिधि नैथानी और पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

# लंदन फैशन वीक 2026 में कृति सेनन ने बिखेरा जलवा



मुंबई। बॉलीवुड की स्टाइल आइकन कृति सैनन ने एक बार फिर लंदन फैशन वीक में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए वैश्विक मंच पर अपनी दमदार पहचान स्थापित की। अंतरराष्ट्रीय फैशन जगत के इस प्रतिष्ठित आयोजन में उनकी मौजूदगी सीजन का एक प्रमुख आकर्षण बन गई।

हाई-कॉन्सेप्ट कूट्योर को सहज और पहनने योग्य एलिगेंस के साथ प्रस्तुत करने की उनकी क्षमता ने दुनिया भर के फैशन विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित किया। यह वैश्विक पहचान उनके करियर के उस शिखर पर आई है, जब कृति सैनन भारतीय फिल्म उद्योग की शीर्ष अभिनेत्रियों में शामिल हैं।

इस अवसर पर कृति ने बरबेरी के परिधान में टेक्सचर के संतुलन और विरासत की झलक पेश की। उन्होंने चॉकलेट-भूरे रंग का आकर्षक ट्रेंच कोट पहना, जो उनके पूरे लुक का मुख्य आधार था। संरचित सिल्हूट और कमर पर बंधी बेल्ट ने उनके व्यक्तित्व में कालातीत गरिमा और आत्मविश्वास जोड़ा।

मोनोक्रोम रंग संयोजन को तोड़ते हुए उन्होंने जीवंत टील रंग का पैटर्न वाला स्कार्फ पहना, जिसने लुक में ताजगी और दृश्यात्मक विविधता जोड़ी। इसके साथ उन्होंने घुटनों तक के स्लीक लेदर बूट्स और एक क्लासिक स्ट्रक्चर्ड हैंडबैग कैरी किया। उनके बालों को हाई-फैशन टॉप-नॉट में स्टाइल किया गया था, जिसने उनके निखरे हुए चेहरे और सुसंस्कृत मेकअप को और उभारा।परिधानों से आगे बढ़कर कृति की यह उपस्थिति वैश्विक मंच पर एक सशक्त फैशन वक्तव्य भी थी। भारतीय सिनेमा से लेकर लंदन के प्रतिष्ठित रनवे की फ्रंट रो तक का उनका यह सफर आधुनिक इट-गर्ल छवि को एक विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय अंदाज में परिभाषित करता है। उद्योग में उनका कद लगातार ऊंचा हो रहा है, और ऐसे आयोजनों में उनकी मौजूदगी यह दर्शाती है कि वह ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन दोनों ही जगह ट्रेंड स्थापित करने वाली अग्रणी अभिनेत्री हैं।उनकी आगामी फिल्मों को लेकर भी प्रशंसकों में उत्साह चरम पर है। कृति सैनन जल्द ही बहुप्रतीक्षित फिल्म कॉकटेल 2 में शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगी।

# Tata Motors Unveils Ambitious EV Roadmap for 2026, Strengthens India's Electric Future



Automobile । Tata Motors is gearing up for a transformative year in the electric vehicle (EV) segment, announcing an aggressive expansion plan for 2026 aimed at strengthening its dominance in India's fast-growing EV market. With new product launches, improved battery technology, and enhanced charging infrastructure partnerships, the company is positioning itself as a long-term leader in sustainable mobility.One of the most anticipated updates this year is the refreshed Tata Punch EV (2026 edition). The updated model is expected to feature improved real-world driving range, upgraded infotainment technology, and enhanced safety systems. Industry sources suggest Tata may offer multiple battery configurations to cater to both budget-conscious urban buyers and customers seeking extended highway performance. Design refinements and feature additions are also likely to align the Punch EV with evolving consumer expectations in the compact SUV segment.Beyond the Punch EV, Tata's 2026 strategy includes expanding its premium electric portfolio. The upcoming Tata Sierra EV, inspired by the iconic Sierra nameplate, is expected to blend retro styling with futuristic EV architecture. Meanwhile, the highly awaited Tata Harrier EV is set to enter the mid-size electric SUV category, targeting buyers who want higher performance, longer range, and advanced driver-assistance features.Tata Motors is also focusing on battery innovation. Reports indicate the company is working on improving energy density and fast-charging capabilities to reduce charging time significantly. With India's charging network steadily expanding, Tata aims to enhance customer confidence by offering better service support and integrated charging solutions.Affordability remains central to Tata's EV mission. The company is expected to continue exploring flexible ownership models, including subscription-based plans and battery-leasing concepts, to reduce upfront costs for first-time EV buyers. This approach could further accelerate EV adoption in Tier-2 and Tier-3 cities, where price sensitivity plays a major role in purchase decisions.

# राजस्थान सरकार संस्कृति,आध्यात्मिक विरासत एवं सनातन परंपराओं का कर रही है संरक्षण - भजनलाल

अजमेर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और वह पुष्कर, गिरिराजजी, खाटूश्यामजी, बालाजी और अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों के समग्र एवं सुनियोजित विकास के लिए प्रतिबद्ध है।शर्मा तीर्थराज पुष्कर में आयोजित तीन दिवसीय हनुमंत कथा में मंगलवार को सहभागिता करते हुए यह बात कही। उन्होंने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का अभिनंदन किया। उन्होंने कथा का श्रवण करते हुए कहा कि तीर्थराज पुष्कर में इस प्रकार का आध्यात्मिक आयोजन सनातन संस्कृति की ज्योति को प्रज्वलित करने का कार्य कर रहा है और विशेष रूप से युवाओं के मन में भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों की गहरी समझ विकसित कर रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों, राष्ट्रभावना और सांस्कृतिक गौरव का सुदृढ़ीकरण होता है।उन्होंने पुष्कर की भौगोलिक एवं आध्यात्मिक विशिष्टता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नगरी केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि अद्वितीय प्राकृतिक संरचना का भी






प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने पुष्कर स्थित विश्वविख्यात ब्रह्मा मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, राज्य के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर तथा अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का किया अभिनंदन

## पुष्कर की पावन धरा पर हनुमंत कथा में लिया आशीर्वाद

अजमेर। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को तीर्थराज पुष्कर की पावन धरा पर आयोजित तीन दिवसीय हनुमंत कथा में सहभागिता करते हुए बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर एवं प्रखर सनातन प्रवक्ता धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा



उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।उप मुख्यमंत्री ने पारंपरिक विधि-विधान से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का सत्कार करते हुए कहा कि सनातन धर्म के प्रवर्तक संतों के मार्गदर्शन में ही समाज में नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रभावना का सशक्त संवर्धन संभव है।उन्होंने कहा कि तीर्थराज पुष्कर की पावन धरा पर आयोजित यह हनुमंत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था के पुनर्जागरण का महोत्सव है। ये समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। जगत पिता ब्रह्मा जी की उपस्थिति से पुष्कर को तीर्थराज कहा जाता है। यहां के सरोवर की पवित्रता विश्व विख्यात है। हनुमंत कथा से पुष्कर की पवित्रता का संदेश विश्व भर में जाएगा।उन्होंने कहा कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ओजस्वी वाणी एवं प्रेरणादायी कथाओं से युवाओं में भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व की भावना जागृत होती है तथा वे अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए प्रेरित होते हैं। संतों के सान्निध्य में आयोजित ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता, सदभाव और सांस्कृतिक एकता को बल मिलता है।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान जी की भक्ति, सेवा और समर्पण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने वाली यह कथा समाज में आत्मविश्वास, साहस और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का श्रवण करने तथा धर्मलाभ अर्जित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सेना ने थार रेगिस्तान में हथियारों से अग्नि वर्षा कर युद्ध क्षमता का प्रदर्शन किया

नई दिल्ली/पोखरण। सेना की दक्षिणी कमान ने मंगलवार को राजस्थान की मरू भूमि स्थित पोखरण फायरिंग रेंज में 'अग्नि वर्षा' अभ्यास के दौरान समकालीन हथियारों और प्रौद्योगिकी के जरिये अपनी एकीकृत ताकत तथा मारक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन किया। इस अभ्यास ने वास्तविक रणमाहौल में हथियारों के समन्वित इस्तेमाल, लंबी दूरी की सटीक मारक क्षमता तथा नेटवर्क-सक्षम कमान एवं नियंत्रण प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रमाणित किया।

थार रेगिस्तान के चुनौतीपूर्ण भूभाग में आयोजित इस एकीकृत फायर एवं मनूवर अभ्यास ने बहु-आयामी क्षेत्रों में निर्बाध रूप से कार्यरत यंत्रीकृत बलों



की युद्धक प्रभावशीलता को रेखांकित किया। इस अभ्यास में 25 देशों से आए विदेशी रक्षा पत्रकारों ने प्रत्यक्ष देखा और सेना की संयुक्त हथियार संरचनाओं द्वारा प्रदर्शित गति, सटीकता और समन्वय के गवाह बने।अग्नि वर्षा में समकालीन युद्धक्षेत्र प्रौद्योगिकियों




की विस्तृत श्रृंखला को शामिल किया गया था जिनमें मानव रहित हवाई प्रणालियां, ड्रोन रोधी प्रणाली, सटीक प्रहार रॉकेट, आधुनिक तोपखाना प्लेटफॉर्म तथा नेटवर्क आधारित निगरानी संसाधन शामिल थे।अभ्यास में सेना के टी-90 मुख्य युद्धक टैंक, इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल, के-9 वज्र स्वचालित होवित्जर, सारंग तथा बोफोर्स 155 एमएम हॉवित्जर तोप प्रणाली, रॉकेट प्लेटफॉर्म, स्वदेशी उन्नत हल्का हेलिकॉप्टर ध्रुव (हथियारों से लैस) हेलीकॉप्टर, अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर तथा विभिन्न प्रकार के निगरानी और स्ट्राइक ड्रोन ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।

यह अभ्यास भारतीय सेना के प्रौद्योगिकी समावेशन, स्वदेशीकरण और क्षमता विकास पर निरंतर बल को दशार्ता है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकताओं के अनुरूप त्वरित, समन्वित और निर्णायक अभियानों के संचालन के लिए उसकी तत्परता की पुष्टि करता है।

समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114
Email ID
sabgurunews@gmail.com
अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# भरतपुर के भुसावर थाने में युवती को लाने वाले दो कांस्टेबल बर्खास्त

भरतपुर। राजस्थान में भरतपुर के भुसावर थाने में एक युवती को लाए जाने के मामले के सोशल मीडिया पर तूल पकड़ लेने के बाद थाने पर तैनात दो आरोपी परिवीक्षाधीन कॉन्स्टेबलों को बर्खास्त कर दिया गया है।सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि



बर्खास्त कॉन्स्टेबल सोनू और परमवीर पर आरोप है कि वे दोनों 22 फरवरी की रात करीब 12 बजे एक युवती को थाने लेकर आए थे। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को सौंपी। जांच में दोषी पाए जाने पर दोनों आरोपी कांस्टेबलों की बर्खास्तगी के आदेश जारी कर दिए।प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 फरवरी की रात करीब 12 बजे मोटर साइकिल पर सवार दोनों कांस्टेबल एक युवती को अपने साथ लेकर जा रहे थे, तो शक होने पर एक स्थानीय युवक ने उनका पीछा किया। मोटर साइकिल जब भुसावर पुलिस थाने के अंदर पहुंच गई तो युवक द्वारा मामले का वीडियो बनाते समय थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसका मोबाइल छीन कर जब्त कर लिया और उसके साथ मारपीट की। सूत्रों ने बताया युवती के परिजनों को जब घटना की जानकारी मिली तो वे भी थाने पहुंचे और युवती को अपने साथ घर ले गए।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)